an>

Title: Need to enquire non-procurement of paddy crop in Bhandara-Gondia Parliamentary Constituency in Maharashtra.

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र भन्डारा-गोंदिया की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र में 94 फीसदी किसान केवल धान की खेती करते हैं, इसलिए इसे 'राइस बाउल' भी कहा जाता है। वहां पर केन्द्र सरकार के माध्यम से महाराष्ट्र शासन की ओर से धान खरीद केन्द्रों पर एम.एस.पी. पर धान खरीद की जाती है। मगर, पिछले एक साल से इन केन्द्रों पर काफी धांधली हो रही है, अनियमितता हो रही है। किसानों से धान नहीं खरीदा जा रहा है। व्यापारियों के धान को किसानों के नाम पर खरीदा जा रहा है। किसानों से खरीदे गए धान के पैसे समय पर नहीं दिए जाते हैं। इस तरह काफी धांधली हो रही है। हमने उसकी शिकायत भी बार-बार की। उस शिकायत में कुछ केन्द्र दोषी पाए गए। इसमें मेरे भन्डारा के क्षेत्र में 75,000 क्विंटल धान कम पाए गए। उसके लिए एफ.आई.आर. भी दर्ज की गई, लेकिन महाराष्ट्र शासन ने अभी तक उसका संज्ञान नहीं लिया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से दरख्वास्त करना चाहूंगा कि वहां अभी भी 30 प्रतिशत किसानों के धान नहीं खरीदे गए हैं। उसकी अंतिम तिथि 30 मार्च है। इससे पहले किसानों के धान खरीदे जाने की पूरी व्यवस्था की जाए। जिन लोगों ने अफरा-तफरी मचाई है, उनकी जांच हो और इसकी जांच केन्द्रीय समिति से कराई जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ।